तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024



13 भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर भी...





14 जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने नौनिहाल हैं विवश...







प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## कार्रवाई : खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की कार्रवाई

# अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वाले 7 फर्मों पर 42 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वालो पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। अमानक एवं मिथ्याछाप खाद्य सामग्री बेचने पर 7 प्रकरणों में कुल 42 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना खाद्य विक्रेता एवं विनिर्माता पर लगाया गया है। प्रशासन द्वारा लोगों से यह भी अपील की गई है कि जिले में खाद्य गुणवत्ता से संबंधित शिकायत के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मोबाइल नंबर 9340597097 पर कॉल या सोशल मिडिया के माध्यम से सूचना दे सकते है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में विगत वर्ष 2023-24 में कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले से खाद्य पदार्थो के 46 विधिक नमूना एवं 19 निगरानी नमूना कुल 65 संकलित किया था। संकलित नमूना को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिनमे से कुल 06 नमूनों को अवमानक पाया गया तथा कुल 03 नमूनों को लेबल में त्रुटी होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया था। उक्त अवमानक एवं मिथ्याद्याप पाए गए खाद्य के ▶▶|शेष पेज 12 पर

### खाद्य संस्थानों में रखे साफ- सफाई, ग्राहक भी रहें जागरूक

वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले के मिठाई दुकान संचालको को निर्देशित किया गया है कि दुकानों में साफ़ सफाई बनाकर रखे एवं मिठाई बनाते समय कृत्रिम रंगों का प्रयोग नियमानुसार मात्रा में करे। अधिक मात्रा में रंग पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। मिठाई दुकान संचालको को विक्रय हेतु प्रदर्शित और भंडारित मिठाइयो पर विनिर्माण तिथि एवं एक्सपायरी दिनांक भी अंकित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिले के स्थाई एवं अस्थाई फ़ूड वेंडरो को निर्देशित किया गया है कि खाद्य को तलने हेतु सही क्वालिटी के तेल का उपयोग करे एवं एक ही तेल को 02-03 बार से ज्यादा तलने के लिए उपयोग ना करे। खाद्य को परोसने अथवा पार्सल करने हेतु अखबारी कागज का उपयोग ना करे,



अपने ठेले, खोमचे, दुकान आदि के आसपास पर्याप्त सफाई रखे द्य खाद्य तैयार करने हेतु सही गुणवत्ता वाली कच्ची सामग्री का प्रयोग करे। आमजनो से भी अपील की गई है कि त्योहारी सीजन एवं बरसाती मौसम में किसी भी खाद्य को खरीदते समय पर्याप्त सावधानी बरते, पैक खाद्य को क्रय करते समय उसकी विनिर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, विनिर्माता का पूरा पता, एफएसएसएआई लाइसेंस, बैच नंबर आदि देखकर खरीदे। यदि पैकेट पर एक्सपायरी डेट पढने योग्य ना हो तो उस खाद्य को ना ख़रीदे। मिठाई खरीदते समय उसकी विनिर्माण तिथि का पता लगाए। ऐसे खाद्य जिनमे ज्यादा कृत्रिम रंगों का प्रयोग किया गया है के सेवन से भी बचना चाहिए द्य खाद्य कि गुणवत्ता से सम्बंधित शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 9340597097 पर कॉल अथवा व्हाट्सएप कर सकते है।



# विधायक ने किया एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण

### अव्यवस्था देख जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला/छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपुर ब्लॉक मैनपुर के नाम से गरियाबंद के ग्राम थाना पिपरछेड़ी (रसेला) में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने औचक निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के प्रभारी प्राचार्य से वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।अधीक्षक ने बताया कि 100 सीटर छात्रावास में अभी 240 बच्चे रह रहे हैं जिसके कारण से अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। इसके साथ ही पर्याप्त शौचालय एवं हैण्डपंप की आवश्यकताओं के संबंध में भी विधायक रोहित साहू ने जानकारी लेकर तत्काल कलेक्टर व संबंधित विभागीय अधिकारी को दो दिन के भीतर हैण्डपंप खुदाई करवाने तथा शौचालय की संख्या बढ़ाने के त्वरित निर्देश दिए। विधायक रोहित साहू के एकाएक निरिक्षण से एक ओर जहाँ प्रशासनिक अधिकारियों में उहापोह कि स्थिति निर्मित हुई वहीं वहां अध्ययनरत बच्चे काफ़ी उत्साहित नजर आए। विधायक ने वहाँ मिल रही सुविधाओं के बारे में वहाँ के छात्रों से भी जानकारी ली तथा सभी समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वत किया। इस दौरान पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजू साहू, ईश्वर वर्मा सहित कार्यकर्ता पालकगण उपस्थित रहे।

## जनसमस्या निवारण शिविर आज, विधायक ध्रुव होंगे शामिल

**मैनपुर।** नगर के सामुदायिक भवन में 19 जुलाई को सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में शामिल होने बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव सुबह 10 बजे पहुंचेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने विधायक जनक ध्रुव पहुंच रहे हैं।



## कन्या शाला में सायकिल वितरण समारोह आज

**राजिम।** शासकीय कन्या शाला राजिम में 19 जुलाई को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण समारोह का आयोजन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 12 बजे होने जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चंदूलाल साहू करेंगे। स्कूल द्वारा भेजे गए एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देवकी साहू,नगर पंचायत राजिम की अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव, भाजपा नेत्री छाया राही, पार्षद सूरज पटेल एवं मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा मौजूद रहेंगे।





# पटवारियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास कार्यालय में राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारियों की हुई। बैठक के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज समाप्त करने का ऐलान किया। जिले के पटवारी प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए थे। अब हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया गया है। पटवारी के हड़ताल समाप्त होने के बाद राजस्व विभाग के कामकाज होना शुरू हो जाएगा।

संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई सौहाद्रपूर्ण चर्चा में राजस्व मंत्री और सचिव अविनाश चंपावत ने समस्त मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया है। पटवारियों के हड़ताल समाप्त होने से अब फिर से आय, जाति, निवास सहित विभिन्न राजस्व संबंधी काम-काज होना शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि राजस्व पटवारी संघ के आह्वान पर अपनी 32 सूत्रीय मांग को लेकर विगत 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल चले गए थे। राजस्व ▶▶|शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### डेंगू जनजागरण अभियान

**रायपुर।** सूडा के निर्देश व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम शहर के 10 जोनों में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया। 12 से 15 जुलाई तक मच्छर जनित रोग डेंगू सहित अन्य जल जनित बीमारियों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अलग-अलग जोन में घरों का निरीक्षण कर करीबन 1612 घरों के विंडो कूलरों में भरा पानी खाली करवाया। इसके साथ हीघरों के विंडो कूलरों के भीतर एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया।

### स्वच्छता दीदी को रेनकोट वितरित

**रायपुर।** नगरनिगम जोन 3 कार्यालय में बुधवार को जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू ने वार्डों में स्वच्छता सहित अन्य कार्य को संपादित करने वाली स्वच्छता दीदियों को बारिश से बचने रेनकोट वितरित किये। इस अवसर पर जोन आयुक्त प्रीति सिंह, सहायक अभियंता सुशील अहीर, उप अभियंता नरेश साहू, शाहिद हुसैन, जमीला बेगम उपस्थित रही।

### आमानाका ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आमानाका रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे प्रस्तावित वेंडिंग जोन का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेंडिंग जोन विकास के कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों को दिये।

# बारिश के मौसम में डेंगू का खतरा, इस बार फर्जी क्लेम तो नपेंगे निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

- पिछली बार बिना एलाइजा जांच के हुए थे तीन सौ से ज्यादा क्लेम

बारिश का मौसम आते ही जलजमाव की वजह से डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। जनवरी से लेकर अब तक जिले में डेंगू के तीस केस सामने आए हैं, जिसका टेंशन नहीं है। आने वाले दिनों में अगर मामले बढ़ते हैं और निजी अस्पतालों द्वारा फर्जी क्लेम किया जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पिछली बार रायपुर जिले में बिना एलाइजा रिपोर्ट के डेंगू का इलाज करने वाले तीन सौ से ज्यादा मामले में क्लेम से विवाद की स्थिति बन गई थी। विभागीय स्तर पर जांच के बाद पचास प्रतिशत से ज्यादा मामलों के दावे निरस्त कर दिए गए थे। इस बार ऐसी गलती करने वाले अस्पतालों के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। सभी को एलाइजा टेस्ट अनिवार्य होगा, डेंगू की पुष्टि करने वाले मरीजों के लिए अलग वार्ड, 24 घंटे मच्छरदानी वाले बेड सहित अन्य सुविधा होना आवश्यक है। निर्देशित किया गया है कि एक भी नियम की कमी वाले अस्पताल डेंगू का इलाज नहीं करेंगे। अफसरों के अनुसार बारिश शुरू होने के बाद अब तक जिले में डेंगू के दर्जनभर मामले सामने आए हैं और जनवरी से लेकर अब तक इनकी संख्या तीस है। अभी मामला गंभीर नहीं है, मगर लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके लेकर विभागीय स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

### जनवरी से लेकर अब तक जिले में 30 केस, फिलहाल टेंशन नहीं






#### सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था

डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में भी विशेष इंतजाम किया गया है। जिला अस्पताल में इसके लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इसके भी उपचार के लिए व्यवस्था की गई है और उन्हें भी केंद्र सरकार की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए हैं। आंबेडकर अस्पताल में भी ऐसे मरीजों के उपचार के लिए पृथक इंतजाम किया गया है।

#### सख्त हिदायत

डेंगू के मामले में तय नियमों का पालन करने सभी अस्पतालों को निर्देशित किया गया है, ऐसा नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों को जागरूक करने के लिए हर रविवार को अभियान चलाया जा रहा है। डेंगू के मच्छर जमा पानी में पनपते हैं, इसलिए बारिश के दिनों में सफाई जरूरी है।

**- डॉ. विमल किशोर राय,** जिला मलेरिया अधिकारी

#### हर रविवार अभियान

स्वास्थ्य विभाग की टीम हर रविवार को दस सप्ताह, दस बजे और दस मिनट नाम से जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। घरों में जाकर जलभराव वाली वस्तुओं को साफ करने, गर्मी के बाद बंद कूलरों को साफ करवाने मितानिन का सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही डेंगू संक्रमित पुराने मरीजों के आसपास के घरों और इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अवैध नल कनेक्शन के मामले बढ़े

# एक मीटर खुदाई कर बिछानी है पाइप लाइन कई गांवों में ठेकेदारों ने ढाई फीट में बिछा डाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन देने के लिए पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक खत्म नहीं हो पाया है। कई गांवों में अब तक पाइप लाइन तक बिछाई नहीं गई है। इस योजना के तहत जारी गाइड लाइन के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर यानी 3.28 फीट जमीन में गड्ढा किया जाना है, लेकिन इस नियम का कई गांवों में पालन नहीं किया गया है। कहीं ढाई फीट, तो कहीं तीन फीट गहराई करके पाइप लाइन बिछा दी गई है। कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अब पानी की चोरी होने लगी है। कई ग्रामीण पानी की धार कम होने के कारण अवैध रूप से कनेक्शन लेने लगे हैं, जिसके कारण गांव के दूसरे परिवारों को पानी ही नहीं मिल पा रहा है।

#### इस तरह की खामियां भी उजागर

राष्ट्रीय पेयजल मिशन अंतर्गत दिसंबर 2024 तक घर-घर नल कनेक्शन देना है। इस आदेश के तहत अब तक कई ग्रामों में पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी ग्रामीणों को कनेक्शन नहीं मिल पाया है, वहीं कहीं कनेक्शन मिल गया है, तो टंकी में पानी नहीं भरने के कारण नलों से पानी नहीं आ रहा है। कई जगह कनेक्शन ही शुरू नहीं किए गए हैं, तो कई जगह पाइप लाइन बिछाने का काम भी शुरू नहीं हो पाया है।

#### कलेक्टर जनचौपाल में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

गांव के एक परिवार ने इसकी शिकायत कलेक्टर जनचौपाल में भी की है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि पीएचई विभाग के अधिकारी ने इस शिकायत की जांच किए बिना कागजों पर जवाब दे दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मापदंड के अनुसार पाइप लाइन बिछाई गई और कोई भी अवैध रूप से कनेक्शन नहीं लिया है, जबकि शिकायतकर्ता ने अवैध नल कनेक्शन का फोटो व विडियो बनाकर साक्ष्य के साथ शिकायत की है।



फाइल फोटो

#### एक मीटर की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने का नियम

पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर की खुदाई करने का नियम है। इस नियम के तहत ही पाइप लाइन बिछाया जाता है।

**- अविनाश एक्का,** सब इंजीनियर, तिल्दा

#### दो साल पहले बनी टंकी, पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं

*आरंग क्षेत्र के ग्राम कुरुद में पानी टंकी बने हुए दो साल हो चुका है, लेकिन पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यहां के सरपंच पारसराम साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पेजयल मिशन अंतर्गत उनके गांव में पानी टंकी का निर्माण हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछाए जाने के कारण गांववासियों को कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन में इसकी शिकायत की है, जिसके बाद अधिकारियों ने पाइप लाइन का सामान गांव में डंप किया हुआ है, लेकिन खुदाई का काम शुरू नहीं हो पाया है।*

#### ग्राम भटिया में मामला उजागर

आरंग क्षेत्र के ग्राम भटिया में नल जल मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण व पाइप लाइन बिछाकर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है। इस टंकी के जरिए घरों में गर्मी के सीजन से पानी की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। नए कनेक्शन से घरों में मिलने वाली पानी की धार बहुत कम आ रही थी। इसके कारण टंकी के पास और मुख्य पाइप लाइन के अगल-बगल रहने वाले कई ग्रामीणों ने पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण अवैध रूप से पाइप लाइन से दोबारा कनेक्शन ले लिया है। इस तरह लोग पानी की चोरी करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार इस गांव में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, वह निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं है। करीब तीन फीट से भी कम गहराई में पाइप लाइन बिछा दी गई है, जिसके कारण ग्रामीण आसानी से खुदाई कराकर पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन लेने लगे हैं।

# पुजारी ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

- मामले की छानबीन कर रही पुलिस

चैत्र मोड़ पर स्थित साईशनि हनुमंत मंदिर के पुजारी ने अपने किराये के मकान में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव के पोष्टमार्टम पश्चात परिजनों के हवाले कर मामले की छानबीन कर रही है। आत्महत्या के कारणों को पता लगाने में पुलिस छानबीन कर रही है। 19 वर्षिय युवक विकास तिवारी पिता दीपक तिवारी निवासी बासीन ने अपने किराये के मकान मे गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक विकास चैत्र मोड़ के पास स्थित साईशनिहनुमंत मंदिर मे पुजारी था। 18 जुलाई को जब उनके घर का दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने आवाज दी। उसके बाद भी घर का दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा अंदर से बंद था। लोगों ने परिजनों एवं पुलिस को इस बात की सूचना दी। दोपहर में पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घर का दरवाजा खुलवाया और कमरे में जाकर देखा तो लोहे के राड से विकास का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। उसके दोनों हाथ बंधे थे और नीले रंग का गमझा उसके गर्दन से कसा था। मृतक ने अपने दोनो हाथों को सामने से बांधकर गले मे नीले रंग का गमझा को अटका कर आत्महत्या किया था। शव का फंदे से उतारकर पंचनामा कर पुलिस ने पोष्टमार्टम कराया। पीएम पश्चात शव परिजनों के हवाले किया गया। मामले की छानबीन प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा द्वारा की जा रही है। पुजारी विकास तिवारी के निधन से मंदिर के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

### दर्शनार्थियों के चयन के लिए बैठक 22 को

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा संचालित श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना 2024 के तहत 30 जुलाई को जिले के 94 दर्शनार्थियों को भेजा जाना है। इस संबंध में दर्शनार्थियों के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में रखा गया है। बैठक में समिति के सदस्यों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

पेज 11 के शेष...

### अमानक खाद्य पदार्थ...

प्रकरणों में नियमानुसार जांच पूर्ण कर अपर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी श्री अरविंद पाण्डेय द्वारा अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 07 प्रकरणों में आदेश पारित किए गए है। जिनमे कुल 42 लाख 10 हजार रुपये की शास्ती अधिरोपित की गई है। इन 7 प्रकरणों में जिले में संचालित खाद्य बिक्री संस्थान एवं जिले के बाहर के विनिर्माता भी शामिल है।

**इन प्रतिष्ठान पर की गई कार्रवाई-** खाद्य सुरक्षा अधिकारी गरियाबंद तरुण बिरला ने बताया कि साईं गंगा बेवरेजेज पेंड्रा, ब्लाक फिंगेश्वर का उत्पाद प्रांजल एक्वा पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर अवमानक पाए जाने पर 1 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार आनंद स्वीट्स छुरा का गुलाब जामुन अवमानक पाए जाने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राज रेस्टोरेंट गरियाबंद का चिकन बिरयानी अवमानक पाए जाने पर 70 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। श्री राजीव लोचन स्वीट्स राजिम का मोतीचूर लड्डू अवमानक पाए जाने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मधुबन स्वीट्स गरियाबंद का पनीर अवमानक पाए जाने पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जय श्री कार्नर गरियाबंद में पैक्ड आटा अवमानक एवं मिथ्या छाप पाए जाने पर जय श्री कॉर्नर के जीवेश सिन्हा पर 25 हजार रुपए, मनीष लाहोरी नवापारा राजिम पर 25 हजार रुपए एवं विनिर्माता सखी एग्री फूड प्रोडक्ट्स बरोंडा तहसील तिल्दा जिला रायपुर के श्रीचंद कच्छेला पर 13 लाख रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार गुरुकृपा प्रोविजन स्टोर्स कौन्दकेरा जिला गरियाबंद में बिकने वाले कमल सूजी उत्पाद मिथ्याछाप पाए जाने पर संचालक अजय बांधे पर 15 हजार रुपए, कमल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड राजनांदगांव तथा 04 निदेशकों को मिलाकर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ज्ञात हो कि विगत वर्षो में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले में समय- समय पर कार्यवाही करते हुए कुल 74 अवमानक, मिथ्याछाप एवं असुरक्षित पाए गए। खाद्य के प्रकरणों को जांच उपरांत सक्षम न्यायालयों में प्रस्तुत किया जाकर उक्त प्रकरणों मे अब तक से 53 प्रकरणों में दोषसिद्धि उपरान्त कुल 54 लाख 36 हजार रुपए का अर्थदण्ड आरोपित किया जा चुका है।

### पटवारियों की...

पटवारी संघ सरकारी ऑफिस में ऑनलाइन कामों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर इसके अलावा, आवश्यक संसाधन, नेट भत्ता ऑनलाइन नक्शा, बटांकन में संशोधन सीधे पटवारी की आईडी से होनी चाहिए। जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरों की पदस्थापना, साथ ही, भूमि खरीद-बिक्री बेच में रजिस्ट्री के साथ ही भुईयां पोर्टल पर भी इसे अपडेट करने का प्रावधान है। इसके अलावा किसान के कर्ज लेने बैंक द्वारा काट लेने के बाद भी भुईयां पोर्टल से बंधक नहीं हटाने, उसे स्वतः हटाने का प्रावधान की मांग कर रहे थे।

# विधायक साहू ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक



**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने स्थानीय पीडब्लूडी विश्राम गृह में राजस्व, पीडब्लूडी, आरईएस तथा सेतु निर्माण के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान विधायक ने सभी अधिकारियों से बारी बारी से विभाग की प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा ली तथा सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक रोहित साहू ने विलंब हो रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी भी व्यक्त की तथा तय समयसीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने व कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात अधिकारियों से की। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### वृंदावन हॉल में सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपनी स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

# बारिश में नाली जाम, घरों से कचरा उठाने में समय पर नहीं आती गाड़ी, 1 से 2 दिन का गेप

- लभांडी के संकल्प सोसाइटी फेज के 4 चेंबर खुले, महीनों से ढक्कन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश के सीजन में शहर के रिहाइशी इलाकों की नालियां जाम पड़ी हैं। लोगों के घरों से कचरा कलेक्ट करने वाली गाड़ी समय पर नहीं आ रही। सुबह 7 बजे आने वाली कचरा गाड़ी दोपहर को भोंपू बजाते पहुंचती है। कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां 1 से 2 दिन के अंतराल में लोगों के घरों से कचरा उठ रहा है।

हरिभूमि की पड़ताल में भुक्तभोगियों ने बताया, उन्होंने इसकी शिकायत जोन दफ्तर से लेकर वार्ड पार्षद और निदान 1100 में भी दर्ज कराई है। वहीं शहर के आउटर वार्ड में स्थित लभांडी के आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में पीएम आवासीय परिसर में 4 चेंबर महीनों से बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं। इससे मच्छर और सीवरेज की बदबू से लोग त्रस्त हैं।

#### हीरापुर बस्ती, हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नियमित नहीं उठ रहा कचरा

वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर स्थित रामजानकी मंदिर इलाका, हीरापुर बस्ती और हाउसिंग बोर्ड की कालोनी में लोगों के घरों से कचरा उठाने नियमित रूप से रामकी की गाड़ी नहीं आ रही। रहवासियों का कहना है कि 1 से 2 दिन का गेप करके कचरा लेने गाड़ी आती है। इससे घरों का कचरा संभाल कर रखने में दिक्कत हो रही है, जबकि निगम वाले यूजर चार्ज प्रापर्टी टैक्स के साथ पहले ही जमा करा लेते हैं। बारिश के सीजन में कचरा कलेक्शन नियमित नहीं होने से कचरे की बदबू और गंदगी से परेशान होना पड़ता है।

### नगर निगम का सफाई सिस्टम लचर, मच्छर और बदबू से लोग परेशान



- मच्छर और सीवरेज की बदबू से लोग त्रस्त हैं
- निगम वाले यूजर चार्ज प्रापर्टी टैक्स के साथ पहले ही जमा करा लेते हैं
- इसकी शिकायत जोन दफ्तर से लेकर वार्ड पार्षद और निदान 1100 में भी दर्ज कराई है

#### दो दिन के बाद उठ रहा घरों से कचरा

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के ओमनगर, सोहननगर, निखिल विहार में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी की कचरा गाड़ी 2 दिन का गेप कर लोगों के घरों कचरा लेने आती है। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर से की। पार्षद ने जोन 10 कमिश्नर को इससे अवगत कराया है। दो दिन के अंतराल से कचरा उठाने का सिस्टम लोगों को समझ नहीं आ रहा।

#### चेंबर में महीनों से ढक्कन नहीं कचरा कलेक्शन में कोताही

शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में नगर निगम द्वारा निर्मित आवासीय कालोनी में 232 परिवार रहते हैं। आवासीय परिसर के 4 चेंबर खुले हुए हैं। बारिश के समय इसमें जहरीले जीव-जंतु निकलने और ढक्कन खुले होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सोसाइटी के पदाधिकारियों से जोन 9 कमिश्नर से इसकी शिकायत की है, पर महीनों बीतने के बाद भी चेंबर में ढक्कन नहीं लगाया गया। कालोनी के पास की कच्ची नाली की सफाई नहीं होने से बदबू उठ रही है।

#### कचरा गाड़ी की टाइमिंग ठीक नहीं

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के शिक्षकनगर, शांतिविहार कालोनी, डगनिया चौक, श्रीराम चौक, खदान बस्ती सहित आसपास के रहवासी इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी का निश्चित समय नहीं है। लोगों का कहना है कि कभी सुबह 7 बजे तो कभी दिन में 10 बजे और कभी -कभी तो दोपहर 12 बजे के बाद भोंपू बजाते हुए कचरा गाड़ी मोहल्ले में पहुंचती है। तब ज्यादातर घरों में लोग अपने कामकाज के सिलसिले में बाहर निकल जाते हैं।

#### सिकासार में बढ़ा जलभराव

गरियाबंद जिले में अच्छी बारिश की वजह से सिकासार बांध के जलस्तर में पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पिछले साल यहां पर 16 जुलाई को 27 प्रतिशत जल भराव था, जो आज की स्थिति में 33 प्रतिशत है। यहां 1 जून से अब तक 270 मिमि बारिश दर्ज की गई है। वहीं धमतरी जिले माडमसिल्ली बांध में पिछले साल के मुकाबले पानी लगभग आधा प्रतिशत बढ़ा है। यहां पर बारिश के बाद बांध में अभी 1678 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है।

# मानसून सीजन में भी गंगरेल सहित कई बांधों के कंठ सूखे, कैचमेंट एरिया से आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धमतरी जिले में महानदी पर बने प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े गंगरेल बांध सहित कई बांधों के कंठ सूखे हैं। मानसून के सीजन में भी कैचमेंट एरिया से गंगरेल में पानी की आवक नहीं हो रही है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध का जलग्रहण क्षेत्र मीलों तक फैला हुआ है। इसमें धमतरी के साथ बालोद व कांकेर जिले का भी बड़ा हिस्सा शामिल है। यहां पर जून में कम बारिश और जुलाई में कहीं-कहीं बारिश होने से बांध में पानी की आवक शून्य है। अब तक बांध में 4.83 प्रतिशत पानी बचा है। बांध की क्षमता 767 मिलियन क्यूबिक मीटर है, लेकिन अभी उसमें 37.3 मिलियन क्यूबिक पानी है।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मानसून आने के बाद अनियमित बारिश की वजह से बांधों में पानी की आवक नहीं हो रही है। प्रदेश में बांधों की कुल क्षमता का केवल 5 प्रतिशत भराव क्षमता बढ़ी है। बांधों में बारिश के सीजन में प्रदेश के कई जिलों में कम बारिश की स्थिति बनी हुई है। कोरबा के हसदेव नदी पर बने बांगो बांध में पिछले साल के मुकाबले 36 प्रतिशत कम पानी है। यहां पर पिछले साल 70 प्रतिशत पानी था, जो इसी सीजन में मात्र 44 प्रतिशत है। गंगरेल बांध में पिछले साल के मुकाबले लगभग 48 प्रतिशत कम पानी का भराव है। 2023 में यहां जुलाई के पहले पखवाड़े में 53.87 प्रतिश जल भराव था, जो आज की स्थिति में मात्र 4.82 प्रतिशत है। तांदुला बांध में पानी की स्थिति पिछले साल के मुकाबले 60 प्रतिशत कम है। देखें तो पिछले साल यहां पर 65 प्रतिशत जल भराव था, जो कि इस साल 5.82 प्रतिशत है। दुधावा बांध की स्थिति देखी जाए, तो यहां पर पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत कम पानी है। इसी तारीख को 57 प्रतिशत पानी था, जो आज की स्थिति में मात्र 17 प्रतिशत रह गया है। दुधावा बांध के कैचमेंट एरिया में बारिश होने से बांध में 4014 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। खारंग बांध में पिछले साल के मुकाबले 15 प्रतिशत कम पानी है। यहां पर पिछले साल 76 प्रतिशत पानी था, जो आज की स्थिति में 61 प्रतिशत है।

### प्रदेश के बांधों में जून-जुलाई की बारिश में मात्र 5 प्रतिशत जलभराव बढ़ा

#### पानी की आवक के बाद भी कम पानी

सोंदूर बांध में पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत कम पानी का भराव है। यहां पर पिछले साल इसी सीजन में 60 प्रतिशत पानी था, आज की स्थिति में यहां 15 प्रतिशत जल भराव है। बांध में बारिश के चलते कैचमेंट एरिया से 231 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। प्रदेश के 12 बड़े बांधों में जुलाई के पहले पखवाड़े में मात्र 32 प्रतिशत पानी है, जो पिछले साल 63 प्रतिशत था। वहीं 34 मध्यम बांधों 31 प्रतिशत पानी है, जो पिछले साल 59 प्रतिशत था।



फाइल फोटो

## खबर संक्षेप



### कुण्डेल में दो आरोपी से 8.5 किलो गांजा बरामद

**फिंगेश्वरध/छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंडेल, छुईहा, चरौदा में लंबे समय से गांजा की आवैध कारोबारी का अड्डा बना हुआ है। वहीं कुंडेल सरगी नदी में पुलिस थाना फिंगेश्वर को मिली सूचना पर बुधवार को शाम 5 बजे 8.500 किलोग्राम अवैध गांजा दो आरोपियों से बरामद किया है। थाना निरिक्षक फिंगेश्वर फैजूल होदा शाह ने इसकी पुष्टि की है। विवेचना अधिकारी चिंता राम देशमुख ने कानूनी कार्रवाई कर अरोपी को विधिवत न्यायालय मे पेश किया गया। पुलिस थाना फिंगेश्वर विजय यादव ने कहा पकड़ाए आरोपी दोनों नितेश कुमार परिहार सिंचाई कालोनी बकतरा थाना अभनपुर, रामजी घृतलहरे कुरूं थाना राखी क्षेत्र का रहने वाला है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवक को फिगेश्वर थाना क्षेत्र से लगे ग्राम कुण्डेल नदी पुल के पास 17 जूलाई को पकड़े गए है। दोनों युवक अपने मोटरसाइकिल में लेकर निकल अवैध गांजा परिवहन कर रहा था। दोनो आरोपी पर धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तरह कार्यवाही कर न्यायालय मे पेश किया है। जहां न्यायधीश के निर्देश पर जेल दिल्ली किया गया है।

### कांग्रेस का विस घेराव आज

**गरियाबंद।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रदेश में बिजली कटौती एवं बिजली बिल में बढ़ोतरी तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरुद्ध में विधानसभा घेराव किया जाएगा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंग साहू जिला प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिला कांग्रेस गरियाबंद के द्वारा 19 जुलाई को कांग्रेस भवन गरियाबंद में अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पूर्व विधायक पूर्व सांसद प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधीकरण जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य कारण तथा त्रिस्तरी पंचायती राजकीय पदाधिकारी गण, नगर पंचायत नगर पालिका के पार्षद गण, पार्षद गण, पूर्व एल्डरमैन, तथा महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सोशल मीडिया, आईटी सेल, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, मछुआ कांग्रेस सहित जॉन सेक्टर के पदाधिकारी गण तथा सभी वरिष्ठ उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### जरीना बाई सोलंकी



**मैनपुर।** नगर के जरीना बाई सोलंकी का गुरूवार को निधन हो गया। वेग्राम पंचायत मैनपुर के उपसरपंच एवं वरिष्ठ पत्रकार अनीश सोलंकी एंव शरीफ सोलंकी की माता थी।

# आज के युवा कल के भविष्य हैं, स्काउट जीवन जीने की कला सिखाती है : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स गरियाबंद जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, एके सारश्वत जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त गरियाबंद एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में शिविर संचालक डीओसी स्काउट आशीष साहू व डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में राज्यपाल जाँच परीक्षा पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका में किया गया। सत्र 2022–23 में जिले के राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम थे। अध्यक्षता मधुबाला रात्रे सभापति जिला गरियाबंद ने किया किया।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू,जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, महेंद्र राम साहू, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं प्रार्थना के साथ किया गयां। तत्पश्चात रोमन लाल साहू जिला सचिव द्वारा तीन दिवसीय राज्यपाल जाँच परीक्षा पूवांर्भ्यास शिविर की गतिविधि एवं उपलब्धि को बताया। इस जाँच परीक्षा पूवांर्भ्यास शिविर में 96 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर भाग लिए एवं 68 राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह मे वितरण किया। रोहित साहू मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है। सच्चा इंसान वह है जो साहस, संघर्ष व लगन के साथ काँटों पर चलते हुए सत्य के मार्ग से विचलित न हों। स्काउट गाइड में देशप्रेम, सेवा, परोपकार, अनुशासन एवं सेवाभाव का गुण पाया जाता है। वह अभाव में रहते हुए अपना काम कुशलता पूर्वक करते है।पढ़ाई के साथ साथ देश की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। अतः स्काउट हमे जीवन जीने की कला सिखाती है।उन्होंने आगे वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम पर सभी एक पौधा जरूर लगावे। पेड़ पौधे प्रकृति के अभिन्न मित्र होते हैं, जो वाता वरण को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होते हैं। प्रत्येक इंसान में माता पिता के प्रति प्रेम,आस्था,सेवा और समर्पण का भाव होना चाहिए।

### राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न



#### सीखना एक सतत प्रक्रिया : पुष्पा

मधुबाला रात्रे सभापति जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा कि जिले के 68 स्काउट गाइड,रोवर,रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार मिलना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। पढ़ाई के साथ साथ अनुशासन एवं संस्कार बहुत जरुरी है। पुष्पा साहू जिला उपा ध्यक्ष ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया हैं। प्रत्येक इंसान में सीखने की ललक होनी चाहिए।

#### 68 स्काउट गाइड को मिला प्रमाण पत्र

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू द्वारा सत्र 2022–23 में जिले के 68 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र को अपने करकमलो द्वारा प्रदान किया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक रोहित साहू द्वारा नवोदय विद्यालय में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम मे टीकम साहू, नागेंद्र साहू, चंदन साहू, किशन कंडरा, शिवांगी चतुर्वेदी, नूतन साहू प्राचार्य युवराज साहू, प्रशिक्षक एच डब्लू बी, ईश्वर मालाकार, रामप्रसाद साहू, लुकेश्वर प्रधान, विकासखंड सचिव, एसएस कंवर, मुरारी साहू, गिरवर यादव, जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू, भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू, टेक्निकल प्रभारी चौतन्य यदु,उत्तम कंसारी, दुष्यंत वर्मा उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

## विडंबना : स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में मजबूरन दूसरे प्रदेश इलाज कराने जाने को मरीज मजबूर

# भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर भी नहीं 56 ग्रामों के 40 हजार लोगों का कैसे होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र के एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके कारण हजारों ग्रामीण इलाज कराने दूसरे प्रदेश ओड़िशा राज्य पर निर्भर रहते हैं। इससे दुर्भाग्यजनक स्थिति और क्या हो सकती है। यह हालात तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 25 किमी दूर ग्राम पंचायत शोभा मुख्यालय का है जहां आज से 08 वर्ष पहले राज्य सरकार द्वारा शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की घोषणा तो कर दिया गया और सरकारी रिकॉर्ड मे यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित भी हो रहा है लेकिन आज तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए न तो भवन का निर्माण किया गया और न ही कोई डॉक्टर की व्यवस्था की गई। जिसके कारण राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत शोभा, अड़गड़ी, गौरगांव, गरहाडीह, कोकड़ी, गोना, भुतबेड़ा, कुचेंगा आठ ग्राम पंचायतो के लगभग 56 ग्राम पारा टोला के 40 हजार आदिवासी ग्रामीणो को स्वास्थ्य सुविधा जो मिलनी चाहिए आज भी नही मिल पा रहा है ऐसा नहीं की इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस समस्या से शासन प्रशासन को अवगत न कराया हो कई बार इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने चक्काजाम, धरना प्रदर्शन आंदोलन कर चुके है और वर्ष 2017 में ग्राम शोभा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा किया गया था लेकिन जमीनी स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए कोई भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया गया। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर उपलब्ध कराने के दावे किये जाते है जिसकी जमीनी हकीकत मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव ईलाके मे देखा जा सकता है। आज भी यहां गंभीर रूप से दुर्घटना व वन्यप्राणियों के शिकार घायल ग्रामीणों एवं गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बारिश के इन दिनों में तो यह समस्या दुगुना हो जाता है क्योकि क्षेत्र में नदी नालों में पुल निर्माण नहीं होने के कारण समय पर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक नही पहुंच पाने में कई बार अकाल मृत्यु का भी डर बना रहता है। इस क्षेत्र के अधिकांश गांव और पारा टोला के लोग झोलाछाप डॉक्टरो के भरोसे रहते है और यह डॉक्टर भी ओड़िशा प्रदेश से आकर बकायदा ठेके मे इलाज करते है।

**ग्राम पंचायत शोभा का मामला**



#### करेंगे आंदोलन

कई बार ग्राम शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के साथ डॉक्टर नियुक्त करने की मांग किया जा चुका है लेकिन अब तक इस ओर जिला के अफसरों द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया है। बहुत आवेदन निवदेन कर चुके हैं अब आंदोलन करेंगे ।

-**संजय नेताम,** उपाध्यक्ष जिला पंचायत

#### डॉक्टर की व्यवस्था की जाएगी

वर्ष 2017 मे ग्राम शोभा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ किया गया है लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का निर्माण नहीं हुआ है। महिला बाल विकास के भवन में संचालित किया जा रहा है आने वाले दिनों में डॉक्टर की यहां व्यवस्था किया जायेगा।

-**डॉ. गजेन्द्र ध्रुव,** चिकित्सा अधिकारी मैनपुर

#### इन ग्रामों के ग्रामीण शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे

शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुले 08 वर्ष हो चुके है और अब तक भवन निर्माण नहीं हो पाया है, सुपरवाईजर के कमरें में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किया जा रहा है जिसमें वर्षों से डॉक्टर नहीं है, यहां 12 स्टाप होना चाहिए पर 01 वार्ड बाय, 01 नर्स, 01 लैब टैक्निशयन के भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है जबकि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत ग्राम पेंड्रा, अडगड़ी, कोसममुड़ा, जरहीडीह, करेली, शोभा, कन्हारपारा, कुशियारबरछा, लाहपीपारा, कछारपारा, गोना, ढोलसराई, शुक्लाभाठा, नयापारा, केरापारा, रक्सापथरा, कमारपारा, मोंगराडीह, मोतीपानी, भालूपानी, बाहरापारा, भूतबेडा, भीमाटिकरा, कुचेंगा, गाजीमुड़ा, गरिबा, भाठापानी, मौहानाला, खरताबेड़ा, डोंगरीपारा, गरहडीह, धोबनडीह, नदीपारा,नयापारा, नगबेल, चिपरी, छिंदभरी, डूमरबुडरा, कोकड़ी, बरगांव, गौरगांव, ध्वईभरएँ, गेदराबेड़ा, झोलाराव, लाटापारा, कछारपारा, घोटियाभरएँ सहित 56 ग्राम पाराटोला आते है जो ओडिसा प्रदेश से लगा हुआ अंतिम छोर तक बसे हुए ग्राम है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ,जनपद सदस्य घन"याम मरकाम, शोभा के सरपंच रमुलाबाई मरकाम, जनपद सदस्य मनोज मिश्रा, धन्नुराम मरकाम, सखाराम नेताम, अजय नेताम, सुनिल मरकाम, कृष्णकुमार नेताम, राहुल निर्मलकर व क्षेत्र के ग्रामीणो ने शोभा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के साथ डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है।

## कांग्रेस का विस का घेराव, 24 को जिलेवार बनाए गए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कांग्रेस द्वारा 24 जुलाई को विधानसभा घेराव के लिए स्टेट लेवल में तैयारी की जानकारी मिली है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासनिक मलकीत सिंह गैदु के हस्ताक्षर द्वारा जारी छत्तीसगढ़ में जिलेवार प्रभारी बनाया गया है। गरियाबंद जिले के प्रभारी सकलेन कामदार,रायपुर शहर एवं ग्रामीण प्रतिमा चंद्राकर,बलोदाबाजार दीपक मिश्रा,महासमुंद कन्हैया अग्रवाल,धमतरी साहिद खान, बालोद जितेंद्र साहू, दुर्ग शहर ग्रामीण एवं भिलाई सीमा वर्मा, बेमेतरा दीपक दुबे, राजनांदगांव राजेंद्र साहू, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी थानेश्वर पटिला, खैरागढ़ छुईखदान गंडई लालजी चंद्रवंशी, कवर्धा पदम कोठारी, जगदलपुर एवं बस्तर ग्रामीण विमल सुराना, सुकमा रवि घोष, नारायणपुर बीरेश ठाकुर, कोंडागांव नरेश ठाकुर, बीजापुर करण देव, कांकेर पियुष कोसरे, दंतेवाड़ा नीना रावतिया, बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण सुबोध हरितवाल, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही वेदांती तिवारी, मुंगेली प्रेमचंद जायसी, कोरबा शहर एवं ग्रामीण मनोज गुप्ता, जांजगीर चांपा प्रशांत मिश्रा, सक्ती गुरूमुख सिंह होरा, रायगढ़ शहर एवं ग्रामीण पी आर खूंटे, सारंगढ़-बिलाईगढ़ वासुदेव यादव, जशपुर जे पी श्रीवास्तव, सरगुजा आरती सिंह, सुरजपुर पवन अग्रवाल, बलरामपुर फुलकेरिया भगत, कोरिया रामदेव राम, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वितेंद्र मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है।

# बुजुर्गों को श्रवण यंत्र एवं छड़ी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



नगर पंचायत भवन कोपरा में आज एक दिवसीय सम्मान समारोह आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नोगेश्वर साहू,उपाध्यक्ष भारती साहू सहित सदस्य नंदू राम सिन्हा, लक्ष्मी नारायण पटेल, मेघ सिंग साहू, चतुर साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, जेठू ध्रुव, हिमालय सोनी, रेखा कोसरे, नीरा तारक सभी का सम्मान सीएमओ श्याम लाल वर्मा सहित नगर पंचायत की पूरी टीम के साथ स्वागत किया गया। उसके बाद वही सामान्य सभा की बैठक अयोजित हुआ। जिसमें नगर विकास एवम जनहित से जुड़े मांग जनप्रतिनिधियों के द्वारा सामान्य सभा की बैठक में पेयजल व्यवस्था, बिजली, स्वच्छता अभियान पर चर्चा हुआ। वहीं सदस्य खिलेश्वर गोस्वामी द्वारा जानता की मांग को प्रमुखता से रखा 20 वर्ष पुरानी मांग बस स्टैंड से शीतला माता मंदिर मार्ग सी सी रोड निर्माण के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने 20 लाख रूपए की राशि सर्वसहमति से पहले ही बैठक में पास हो गया। उसके बाद हितग्राही मूलक कार्य में



जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रवण यंत्र संतोषी बाई साहू,हेमलाल सतनामी,मथुरा साहू, बेना बाई सिन्हा, बुजुर्गों में जगत राम साहू, शंकर लाल सिन्हा, अर्जुन साहू, सुनीति साहू छड़ी दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कर्मचारियों सहित नगर वासी उपस्थित थे। इसी तारतम्य में नगर के बीजेपी कार्यकर्ता झामन साहू ने भी जरूरतमंद को छड़ी वितरण किया।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जुझार विधायक रोहित साहू ने पीपरछेडी जाते समय छुरा मंडल के महामंत्री शिवशंकर जयसवाल के दुकान में रूककर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया गया। और सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से हाल चाल पूछा गया। इसी कड़ी में हाईस्कूल के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने विधायक से शौचालय और रंगमंच के लिए टीना शेड की मांग रखी गई। जिसमें विधायक रोहित साहू ने तत्काल जिला पंचायत में दुरभाष से चर्चा कर हाईस्कूल में शौचालय बनाने के लिए आदेशित किया गया। और टीना शेड के लिए पंचायत प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए कहा गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक को कहा कि इस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं, आप मुख्यमंत्री से समय लेकर हम लोगों को आपके सानिध्य में मिलना चाहते हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजू साहू, उपसरपंच परमेश्वर यादव, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, भूवेन्द्र मरकाम, लोकराम ध्रुव, दयाराम निषाद,भोजनायक, कुंजाम सर आदि उपस्थित थे।

## राजिम के विकास में लग जाएंगे चार चांद

# नदी किनारे सौ फीट चौड़ी सड़क बनाए जाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

लक्ष्मण झूला से लेकर नदी के बांयी तट की ओर से नया मेला मैदान-परसवानी पुल को जोड़ते हुए सौ फुट चौड़ी सड़क बनाए जाने की योजना प्रस्तावित होने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस काम को जल्द से जल्द कराने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू लगे हुए है। गर यह सौ फुट चौड़ी सड़क बन जाती है तो राजिम के विकास में न केवल चार चांद लग जाएगा बल्कि नए मेला मैदान से लेकर लक्ष्मण झूला और भगवान श्री राजीव लोचन का मंदिर भी इससे जुड़ेगा। इसके बन जाने से मेले के समय होने वाली ट्रेफिक जाम से सदैव के लिए छुटकारा मिल जाएगा। गुरूवार को इंजीनियर ने बताया कि राजिम मेले के समय जो परेशानी उत्पन्न होती है वह इस सौ फुट चौड़ी सड़क के बन जाने से समाप्त हो जाएगी और नया मेला स्थल सीधा भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर से तो जुड़ेगा ही साथ ही नदी की धारा भी इस सड़क के नीचे से बहती नजर आएगी जो काफी मनोरम दृश्य होगा। जानकारी के मुताबिक इस सौ फुट चौड़ी सड़क के दोनो तरफ लाइटिंग रहेगी जो सड़क को दिन के उजाले की तरह रौशनी देगी। नया मेला स्थल तक पहुंचने वाले लोगों को आने-जाने में जरा भी परेशानी नही होगी। रास्ते में मेले के दौरान पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। यह एक ऐसा सड़क मार्ग बनेगा कि लोग देखते रह जाएंगे। राजिम के इतिहास में विधायक रोहित साहू का नाम इससे स्वर्ण अक्षरो में लिखा जाएगा।

**कछुआ चाल से हो रहा काम-** पिछले पांच साल पहले चौबेबांधा और राजिम शहर के बीच शासन ने मेला मैदान के लिए 54 एकड़ जमीन आरक्षित करके रखा हुआ है। इसके लिए राशि भी स्वीकृत है पर काम यहां पर कछुआ चाल से हो रहा है। मेला मैदान में सिर्फ बिजली विभाग का एक सब स्टेशन बनकर तैयार है। मैदान में बिजली के खंभे लग गए है और तार भी खींचा जा चुका है। अभी वर्तमान स्थिति में शहर के लोगो को गरियाबंद मार्ग से होते हुए चौबेबांधा मार्ग की ओर मुड़ना पड़ता है तब कहीं इस नए मेला स्थल में पहुंचा जा सकता है। बस्ती के बीच से थाना पारा होते हुए जो मार्ग गया है वह काफी सकरा है। नदी तट से सौ फुट चौड़ी सड़क बन जाने से नया मेला मैदान और राजिम शहर पूरी तरह से जुड़ जाएगा। नया मेला मैदान एक ऐसी जगह है जहां गरियाबंद,धमतरी और रायपुर जिले की ओर से आने-जाने वाले लोगो के लिए स्वर्ग बन जाएगा।



#### ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी निजात

राजिम बस स्टेण्ड भी गरियाबंद मार्ग पर गौशाला के बाजू में बनाए जाने की सुगबुगाहट चल रही है। यदि ये काम भी वहां पर होता है तो बस स्टेण्ड से भी नया मेला मैदान भविष्य में जुड़ा हुआ नजर आएगा। बता दें कि राजिम शहर का फैलाव जितना ज्यादा होगा उतना ही शहर के भीतर ट्रेफिक जाम की समस्या हल होती जाएगी। ज्ञात हो कि विधायक रोहित साहू यह भी चाहते है कि राजिम से फिंगेश्वर और ईधर छुरा मार्ग पर राजिम से कौंदकेरा 11 किमी तक फोरलेन का निर्माण हो। वे राजिम शहर को एक मॉडल शहर के रूप में बनाने के लिए दिलोजान से लगे हुए है। विधायक श्री साहू के इन योजनाओं की तारीफ शहर के सभी वर्ग के लोग कर रहे है।


-:: शपथ-पत्र ::-

मैं सम्हन लाल चक्रधारी उम्र 41 वर्ष पिता प्रलाद चक्रधारी, जाति-कुम्हार, निवासी ग्राम पो०-कोपरा, थाना-पाण्डुका, तहसील-राजिम, वि०खं०-फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

(1) यह कि, मेरा नाम, उम्र, पिता का नाम, जाति एवं निवास पता उपरोक्तानुसार है।

(2) यह कि, मैं थल सेना में नायक के पद पर पदस्थ था, मेरे सेवा मुक्ति पुस्तिका में पुत्र का नाम उत्तराधिकारी के रूप में सुधीर कुमार SUDHIR KUMAR लिखा हुआ है।

(3) यह कि मेरे पुत्र का आधार नंबर- 5309 2242 3848 है। आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम सुधीर कुमार चक्रधारी Sudhir Kumar Chakradhari लिखा हुआ है।

(4) यह कि सुधीर कुमार SUDHIR KUMAR एवं सुधीर कुमार चक्रधारी Sudhir Kumar Chakradhari दोनों एक ही व्यक्ति का नाम अर्थात् मेरे पुत्र का नाम है अर्थात् मेरे पुत्र को सुधीर कुमार चक्रधारी Sudhir Kumar Chakradhari के नाम से जाना -पहचाना जावे, जिसके समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

-:: सत्यापन ::-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका-1 से 4 के कथन सत्य है। अतः आज दिनांक 08/07/2024 को स्थान राजिम में शपथ-पत्र को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूं।

दिनांक 08/07/2024 सत्यापनकर्ता

// शपथ-पत्र //

मैं सम्हन लाल चक्रधारी उम्र 41 वर्ष पिता प्रलाद चक्रधारी, जाति- कुम्हार, निवासी ग्राम+पो.-कोपरा, थाना-पाण्डुका, तहसील-राजिम, वि.खं.-फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

(1) यह कि, मेरा नाम, उम्र, पिता का नाम, जाति एवं निवास पता उपरोक्तानुसार है।

(2) यह कि, मैं थल सेना में नायक के पद पर पदस्थ था, मेरे सेवा मुक्ति पुस्तिका में मेरी पत्नि का नाम नामिनी के रूप में दर्ज है। मेरे सेवा मुक्ति पुस्तिका में मेरी पत्नि का नाम रामेश्वरी RAMESHWARI लिखा हुआ है ।

(3) यह कि मेरी पत्नि का आधार नंबर- 6537 9046 1309 एवं पैन कार्ड नंबर- ATUPC4522G है। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरी पत्नि का नाम रामेश्वरी चक्रधारी RAMESHWARI CHAKRADHARI लिखा हुआ है ।

(4) यह कि रामेश्वरी RAMESHWARI एवं रामेश्वरी चक्रधारी RAMESHWARI CHAKRADHARI दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम अर्थात मेरी पत्नि का नाम है अर्थात मेरी पत्नि को रामेश्वरी चक्रधारी RAMESHWARI CHAKRADHARI के नाम से जाना-पहचाना जावे, जिसके समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ । शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका-1 से 4 के कथन सत्य है। अतः आज दिनांक 08/07/2024 को स्थान-राजिम में शपथ-पत्र को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूँ ।

दिनांक :-08/07/2024 सत्यापनकर्ता

## खबर संक्षेप



### ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बने खिलावन

**पाण्डुका।** ग्राम पाण्डुका में बुधवार को ग्राम विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से सामाजिक, धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले खिलावन सिन्हा को ग्राम विकास समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही संरक्षक के रूप में श्री रूपसिंग सिन्हा, गांधी राम साहू, पुनीत राम साहू, सालिक राम साहू, पुरुष उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बागे, महिला उपाध्यक्ष गायत्री पटेल, सचिव सीताराम साहू, सहसचिव हेमीन बाई साहू, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सदस्य गण सुश्री मंजूषा साहू, पूर्णिमा तारक, लता तारक, ढालसिंग साहू, जवाहर शर्मा, तुकेश साहू, मदन सतनामी को बनाया गया। पाण्डुका ग्राम में सिन्हा के अध्यक्ष बनने पर पहली बार खुशी का माहौल देखने को मिला एवं सिन्हा जी का फूल गुलाल से भव्य स्वागत कर बधाई दी। ग्राम विकास समिति के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देने वालों में ग्राम पटेल ईश्वर साहू, स्निग्धा शर्मा, अशोक पटेल सहित समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

### आईसीटी लैब प्री टेस्ट परीक्षा में 89 परीक्षार्थी हुए शामिल



**राजिम।** शासकीय बालक मिडिल स्कूल राजिम में आईसीटी लैब प्री टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं में 28 7वीं में 22 एवं कक्षा 8वीं में 39 परीक्षार्थी शामिल हुए। ऑनलाइन परीक्षा में बच्चों का परिणाम उत्तम रहा। प्रधानपाठक अजय गिरी गोस्वामी द्वारा कहा गया की ऐसे ही परीक्षा आयोजित बीच-बीच में उच्च कार्यालय द्वारा कराई जानी चाहिए जिससे बच्चों की आंकलन होता रहे। जिसमें संस्था के नंदलाल साहू, प्रेमलता ठाकुर, नेतराम साहू, राकेश साहू ने प्री आसिसमेन्ट की सराहना की स्कूल के कंप्यूटर शिक्षक कृष्णा साहू, डीजी दुनिया जिला समन्वयक दुष्यन्त साहू सर द्वारा एग्जाम करवाया गया।

### पार्षद ने किया नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के तहत भाठापारा वार्ड नं 13 में वार्डवासियों की मांग के अनुसार सीसी नाली कार्य का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य का निरीक्षण पार्षद धर्मेंद्र यादव ने किया। पार्षद ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देशित किया।

### स्काउट गाइड की मतदाता सूची का प्रकाशन कल

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइडस स्थानीय संघ विकासखंड महासमुंद निर्वाचन के लिए जिला संघ से प्राप्त निर्देशानुसार सशुल्क सदस्यता अभियान से पंजीकृत आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य में से अधिकतम 10 सदस्यों का चयन कर मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। अतः आप समस्त पंजीकृत आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य 19 जुलाई शुक्रवार को समय 11 बजे विकासखंड शिक्षा कार्यालय महासमुंद में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### निधन

#### पुराईन बाई साहू



**छुईहा बेलर।** मूरमूरा निवासी पुराईन बाई साहू का गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गावं के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

**जर्जर स्कूल भवन : छात्र-छात्राओं के सर के पर मंडरा रहा खतरा**

# जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने नौनिहाल हैं विवश, विभाग कर रहा दुर्घटना का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

जिले के दूरस्थ वनांचलो में स्कूल भवन के अभाव में जर्जर स्कूलों में जान जोखिम में डालकर आदिवासी क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई करने मजबूर हो रहे हैं। इसकी सारी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद भी शायद विभाग कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हैं, तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 32 किलोमीटर दूर ग्राम मोंगराडीह प्राथमिक शाला भवन बेहद जर्जर हो गया है और इस भवन के छत दयनीय स्थिति में पहुंच गया है, पानी का लगातार रिसाव हो रहा है। गुरुवार को स्कूल के छत प्लास्टर फिर टूटकर गिरा। हालांकि यह तो खुशकिस्मती रही कि किसी बच्चे ऊपर प्लास्टर नहीं गिरा। नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट जाती। ग्राम पंचायत भुतबेडा के आश्रित ग्राम मोंगराडीह में प्राथमिक शाला भवन एवं मिडिल स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है। इस जर्जर स्कूल में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला मोंगराडीह में कुल दर्ज संख्या 45 छात्र-छात्राओं की है, आदिवासी बाहुल्य इस ग्राम में अभी तक शासन द्वारा शिक्षक की व्यवस्था नहीं किया गया है। वर्तमान में अध्यापन के लिए व्यवस्था के लिए दो शिक्षक नियुक्त किया गया है और मिडिल स्कूल भवन भी जर्जर हो गया है। यहां के ग्रामीणों ने कई बार शिक्षक विभाग के जिला अधिकारी से लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तक को जर्जर भवन के बारे में लिखित में आवेदन देकर थक चुके हैं। स्कूल जतन योजना के तहत करोड़ों रुपए स्कूलों के मरम्मत के लिए खर्च किया गया लेकिन यहां के स्कूल भवनों की क्यों मरम्मत नहीं कराई गई यह अपने आप में एक सवाल है।







**पालकों में बना रहता है डर**

ग्रामीण महेश सुर्यवंशी, मयाराम नेताम, अशोक कुमार, बालाराम, सरपंच अजय नेताम ने बताया कि स्कूल भवन इतना जर्जर हो गया है कि बारिश की पानी स्कूल के भीतर झरने की तरह बह रही है और छत जर्जर होने के कारण जगह- जगह से प्लास्टर टूटकर गिर रहे हैं। स्कूल बच्चों को भेजने से पहले माता- पिता को डर बना रहता है। इस स्कूल भवन की छत इतना जर्जर हो गया है कि ऐसा लगता है कि कभी भी छत गिर जायेगी और जान जोखिम में डालकर आदिवासी बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गढ़ रहे हैं।

**स्कूल का करूंगा निरीक्षण**

जर्जर स्कूल के सबंध में पहले ही उच्च अधिकारियों को लिखित में जानकारी भेजा जा चुका है। कल ही जाकर स्कूल का फिर निरीक्षण करूंगा।

**-शिवकुमार नागे,** स्त्रोत समन्वयंक मैनपुर

**भवन बेहद जरूरी**

मोंगराडीह जर्जर स्कूल भवन के सबंध में कई बार अधिकारियों को आवेदन चुके हैं। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शायद विभाग के अधिकारी कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे है, नेताम ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल भवन बेहद जरूरी है।

**-संजय नेताम,** उपाध्यक्ष जिला पंचायत

---

# कर्मचारी कर रहे काली पट्टी बांधकर कार्य



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

महासंघ एवं नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 184 नगरी निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर काली पट्टी लगाकर निरोध प्रदर्शन किया गया है इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश सोनी, मुकेश तिवारी, संदीप चंद्राकर, ऋषभ ठाकुर एवं जिला के अन्य पदाधिकारी ने बताया है कि छत्तीसगढ़ के नगरी निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है वर्तमान की स्थिति में लगभग सभी नगरी निकायों में विगत एक से चार माह का वेतन भुगतान हेतु लंबित है इस संबंध में ना तो निकाय ध्यान दे रहा है ना ही शासन द्वारा वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो गया है जिसके कारण बच्चे की पढ़ाई पर भी असर पढ़ रहा है इस संबंध में बताया गया है कि वेतन समस्या का निराकरण किया जाने हेतु विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया है किंतु शासन द्वारा इस संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है सोनी ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण प्रदेश में चरणबध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर शासन के रवैया के कारण विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है दिनांक 22 जुलाई को प्रदेश में कलमबध हड़ताल किया जाएगा तथा दिनांक 29 जुलाई को प्रदेश के संपूर्ण नगरी निकाय के द्वारा अपने-अपने जिला स्तर में धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री सोनी ने कहा है कि इसके पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं करता है तो संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। कार्यालय नगर पंचायत छुरा में जितेंद्र पाटकर, वीरेंद्र ठाकुर, नरेश ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, नामेश साहू एवं अन्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया।

---

# गुरु पूर्णिमा 21 को, होंगे विविध कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर**

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुपूजन का का कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई को मनाया जा रहा है। इस दिन क्षेत्र मे विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों का गूरू के प्रति भक्ति और शिष्य का आशीर्वाद प्राप्त करने परम्परा का अद्भुत समन्वय इसी दिन देखने को मिलता है। जागेश्वर साहू चैत्ररा अध्यक्ष जिला दिव्यांग संघ ने कहा



ब्रह्मलीन जनार्दन स्वामी संत पवन दिवान जी के वरिष्ठ शिष्य भागवताचार्य पंडित त्रिभुवन महराज बारूला वाले का प्रति वर्ष गुरु पूर्णिमा का पर्व सिद्ध विनायक आश्रम फिगेंश्वर में समस्त गूरू भक्त व विरक्त शिष्य भाईयों के तत्वावधान में मनाया जायेगा। जागेश्वर साहू ने कहा सद्गुरु पं. त्रिभूवन मिश्रा का गूरूपुजन व देवयोग के साथ भेंट मुलाकात सम्मान कार्यक्रम होगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के इस अवसर पर प्रदेश व अन्य प्रदेश के अनुयायी, जनप्रतिनिधि, पहुंचेंगे। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन कीर्तन, मानसगान सहित अनेकों कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इसी कड़ी मे गायत्री परिवार छुईहा ईकाई के तत्वावधान में इस वर्ष ग्राम धूरसा में 21 जूलाई को मनाया जायेगा। इसमें क्षेत्र के गायत्री परिवार प्रमुख शांतिकुंज प्रतिनिधि के रूप मे कुलदीप भारती, एवं ग्रामवासी उपस्थित होंगे। वहीं इंदरमन साहू ग्राम बारूला ने कहा काशी वाले गुरु पं.बलराम महाराज का गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आगमन हो रहा है। इस दिन शिव अभिषेक हनुमान हवन पूजन के गुरु सम्मान समारोह आयोजित होंगे। भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन महाराज बारूला वाले ने गूरू पुर्णिमा महोत्सव तैयारी में जुटे हुए हैं। इस बीच गुरूपुर्णिमा कार्यक्रम के पहले कहा जो सद्गुरु, सगुण व साकार रूप में शिष्य के लिए सहज ही प्रत्यक्ष प्रकट हैं उन्हीं का पूर्ण श्रद्धा व भक्ति से, परमात्मभाव से पूजन करना और गुरु की साकार छवि का अपने हृदय में अपनी आत्मा में इस भाव से नित्य ध्यान करना कि निर्गुण, निराकार, अव्यक्त, सर्वज्ञ, सर्वव्यापी ब्रह्म ही सगुण, साकार रूप में प्रकट हुए हैं और सर्वत्र व्याप्त रहे हैं, इसी का नाम तो गुरुभक्ति है। गुरु में सदैव ब्रह्म को देखना और ब्रह्म को गुरु में देखना, यही अद्वैतदृष्टि तो शिष्य को निहाल कर देती है, उसे ब्रह्मदृष्टि प्रदान कर देती है, जिससे शिष्य ब्रह्मभाव में स्थित गुरु का पूजन, दर्शन व ध्यान कर निश्चित ही सहज अथवा ब्रह्मबोध पा सकने में समर्थ व सफल हो जाता है।

---

# पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)**



प्राथमिक शिक्षकों के उन्मुखीकरण के लिए छुरा विकासखण्ड का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप का आरंभ 15 जुलाई से शासकीय हाईस्कूल लोहझर में हुआ। एनसीईआरटी और डाइट रायपुर के दिशा निर्देशन में यह प्रशिक्षण संपन्न हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत सर, जिला मिशन समन्वयक केएस नायक सर के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में हाईस्कूल प्राचार्य देवांगन सर और बीआरसी एच के देवांगन ने प्रशिक्षण के महत्व बताया। बीआरसी देवांगन ने बताया कि आज वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा का बहुत ही महत्व है, इसलिए शिक्षकों को भी अपग्रेड रहने की जरूरत है। इसी कारण एससीईआरटी अंग्रेजी स्पोकन का वर्कशॉप करा रही है। साथ ही समय का पालन करते हुए प्रत्येक गतिविधियों में शामिल होकर प्रशिक्षण को अच्छी तरह ग्रहण करके बच्चों को स्पोकन इंग्लिश में दक्षता लाने हेतु निर्देशित किया। सभी शिक्षक इस कार्यशाला में डीआरजी वासुदेव प्रजापति, देवकांत सिन्हा के सानिध्य में विभिन्न गतिविधियों, गीत , ड्राइंग आदि के माध्यम से अंग्रेजी स्पोकन सीख रहे हैं। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में जिला मिशन समन्वयक केएस नायक सर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं प्रशिक्षण की बारीकियों के बारे में बात की। साथ ही बच्चों के साथ अंग्रेजी के बेसिक शब्दों को प्रतिदिन स्कूल में बातचीत में शामिल करने को कहा। शुरुआत में कठिनाई जरूर होगी पर बच्चों के साथ प्रतिदिन बात करने से बच्चे भी सीखते जाएंगे। एपीसी श्री थॉमस सर ने अंग्रेजी के स्पोकन शब्दों को बोलचाल में शामिल कैसे करें, इसके बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से जिला मिशन समन्वयक नायक सर, एपीसी थॉमस सर, बीआरसी देवांगन सर, प्राचार्य देवांगन सर, डीआरजी एवं मास्टर ट्रेनर्स वासुदेव प्रजापति, देवकांत सिन्हा, पदमजा गुप्ता, प्रतिभा सकरिया, विनोद चंद्राकर, शंकर यदु, खोरबाहरा निषाद, केशव विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, केदार साहू, नंदझरोखा कुर्रे, प्रेमनारायण ध्रुव, सुषमा गिलहरे देवेंद्र ध्रुव, मंगलमूर्ति सोनी नोहर लाल पटेल, कुंती भारती,हरी राम साहू , अश्वनी निर्मलकर, अनुसुइया साहू,हसी रानी बनर्जी यशोमती यदु, चितरंजन ध्रुव, फलेंद्र ठाकुर, भारत साहू, टायल पटेल, खिलावन ध्रुव, पूनम निषाद, कुलेश्वर निषाद, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ शामिल हो रहें हैं।

---

# बच्चों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नालसा के विभिन्न योजनाओं तथा कानून की जानकारी दी गई। कोमल निषाद पैरा लीगल वालेंटियर ने बताया कि नालसा का गठन, उद्देश्य, कार्य, रैंगिंग, साइबर अपराध, निरोधक कानून, पाक्सो एक्ट, बचपन बचाओ आंदोलन, दैनिक उपयोगी कानून निशुल्क विधिक सहायता योजना, बच्चों के लिए बाल-सुलभ विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण योजना 2015 के बारे में जानकारी देते हुए नालसा द्वारा संचालित यू ट्यूब चौनल जन चेतना के बारे में जानकारी दी गई। साथ- साथ नालसा, महिला चाइल्ड हेल्पलाइन एवं वरिष्ठ जनों के लिए हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। वहीं संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, कानून के निर्माण में लोगों कि भागीदारी बढ़ती है और कानून के शासन कि स्थापना की दिशा में प्रगति होती है। यह छात्रों के सम्पूर्ण विकास व विधिक साक्षरता के कृष्टिकोण से शिविर को बेहद लाभकारी बताया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल साहू, तोमन साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

---

## योजनाओं को धरातल पर लाना होगी प्राथमिकता : नागवंशी

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर जनपद पंचायत में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने कार्यभार ग्रहण किया और पदभार ग्रहण करने के पश्चात जनपद पंचायत मैनपुर सभागार में मनरेंगा योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करने बैठक लिया एवं जनपद के माध्यम से ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की समीक्षा किया। साथ ही सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने निर्देश दिया। जनपद पंचायत के नवपदस्थ सीईओ डीएस नागवंशी ने कहा शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ धरातल में लोगों को मिले इसके लिए उनके द्वारा विशेष प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा जनपद पंचायत के माध्यम से चल रहे सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा कराना और जनपद पंचायत के अंतिम छोर तक के गांवो में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र में विकास कार्य हो इसके लिए उनके द्वारा प्रयास किया जायेगा।



---

# लोहरसी में मनाया गया माता पहुंचानी का पर्व



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा**

ग्राम लोहरसी के शीतला माता मंदिर में माता पहुंचानी का आयोजन किया गया। शीतला माता मंदिर में बाजा-गाजा के साथ श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और शीतला माता की परिक्रमा कर खुशहाली की कामना की।

आषाढ़ मास के गुरूवार को माता पहुंचानी पर्व मनाया गया है। बड़े उत्साह और खुशी से लोग माता के दरबार पहुंचे शनिदेव देव व अन्य देवी- देवताओं के साथ पूजा करते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। फूल, नारियल, चना दाल, दूध, दही, गुड़, नीम पत्ता, हल्दी अर्पण करते मंदिर की ढ़ाई परिक्रमा की गई। साथ ही पूजा कर हलवा का भोग लगाया गया। गांव के सुख शांति व खुशहाली की प्रार्थना की। शाम तक मंदिर में पूजा करने श्रद्धालु पहुंचते रहे। माता पहुंचानी पर्व पर गांव से सैकड़ों की तादाद पर श्रद्धालु शीतला मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मनचाहा मनोकामना मांगी।



---

**अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का दिलाएं लाभ**

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का करें वितरण : कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज एवं उर्वरक के भण्डारण तथा वितरण की समितिवार जानकारी ली। कलेक्टर ने समितियों के लक्ष्य अनुसार भण्डारण एवं वितरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों तक पर्याप्त मात्रा में इसकी पहुंच की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कम भण्डारण एवं वितरण वाले समितियों के प्रबंधकों पर नाराजगी जताते हुए तेजी से खाद, बीज का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के विभागीय अधिकारियों को समितियों का निरीक्षण करने एवं किसानों से चर्चा कर खाद, बीज की मांग सहित वितरण की भी जानकारी लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कैम्प लगाकर केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का शत प्रतिशत केसीसी कार्ड बनाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उप संचालक कृषि चंदन रॉय, डीएमओ अमित चन्द्राकर, सहायक पंजीयक सहकारिता उषा ध्रुव सहित जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले मौजूद रहे।



### आधार-सीडिंग के कार्यों में लाएं तेजी

बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों का ई-केवायसी के साथ भू-सीडिंग एवं आधार-सीडिंग के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए किसान हित में गंभीरता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत पंजीयन की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस योजना अंतर्गत पंजीकृत कर उन्हें लाभ दिलाने के निर्देश दिये। साथ ही फसल क्षति के दौरान फसल बीमा योजना से मिलने वाली सहायता के बारे में अधिक से अधिक ऋणी एवं अऋणी किसानों को सक्रिय होकर जागरूक करने के भी निर्देश दिये।

हरिभूमि पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468